# सेंट मारग्रेट सी. सै. स्कूल

## अर्धवार्षिक परीक्षा प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 2024-25

## हिंदी (कोड संख्या-085) कक्षा : दसवीं

**समय: 3 घंटे** **अंक : 80**

**सामान्य निर्देश-**

- **इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग, घ ।**
- **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए अंकानुसार उत्तर लिखिए |**
- **निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन करिए |**
- **चारों खंडों के कुल 16 प्रश्न हैं | सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं |**
- **यथासंभव प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए |**

**खंड 'क' (अपठित बोध)**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निर्देशानुसार उपयुक्त उत्तर लिखिए-**

मानव बुद्धिशील प्राणी है। जिस विषय पर दूसरे प्राणी विचार नहीं कर सकते हैं, उन पर वह चिंतन करता है। इसी कारण वह संसार के समस्त जीवधारियों में श्रेष्ठ माना जाता है। जहाँ एक ओर उसमें विद्या, बुद्धि, प्रेम आदि श्रेष्ठ गुण विद्यमान हैं, वहीं दूसरी ओर वह राग, द्वेष, हिंसा आदि बुरी प्रवृत्तियों से भी ओत-प्रोत है। श्रेष्ठ तत्त्वों का अपने अंदर विकास करने के लिए मानव को स्वावलंबी बनना पड़ेगा। दूसरों का सहारा छोड़कर केवल अपने सहारे पर जीवन बिताना स्वावलंबन कहलाता है। अपने पैरों पर खड़ा होने वाला व्यक्ति न तो समाज में निरादर पाता है और न घृणा का पात्र ही होता है।

वह अपने बल पर पूर्ण विश्वास प्राप्त करता है। वास्तव में, स्वावलंबन मानव का वह गुण है, जो उसे आत्मविश्वासी बनाता है। जो व्यक्ति स्वयं कर्मठ एवं स्वावलंबी नहीं है, ऐसे व्यक्ति की कोई भी सहायता करता है और ऐसे व्यक्ति का जीवन पशु से भी हेय होता है। आज के युग में उसी का जीवन सार्थक है जो स्वावलंबी है, क्योंकि स्वावलंबन जीवन का मूलमंत्र है। जो लोग स्वावलंबन को एक ढकोसला तथा सिद्धांत मात्र मानते हैं, वे अपनी अल्पझता का परिचय देते हैं। जो व्यक्ति इस प्रकार का विपरीत तर्क करते हैं, वे कुंठाओं से आवृत्त होते हैं। ऐसे लोग तर्क के आधार पर स्वावलंबी जीवों को एकांत में खड़े होने वाले अरण्य का वृक्ष मानते हैं।

**बहुविकल्पी प्रश्न :** **1x3=3**

(1) निम्नलिखित कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए। जो व्यक्ति स्वावलंबन से रहित होता है,

क- उस व्यक्ति का जीवन पशु से भी निम्न होता है।

ख- वह व्यक्ति आत्मविश्वासी होता है।　　　　ग- उसका जीवन सार्थक होता है।

घ- वह केवल अपने सहारे जीवन बिताता है।

(2) 'वह अपने बल पर पूर्ण विश्वास प्राप्त करता है" वाक्य में 'वह' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

क- स्वावलंबी व्यक्ति के लिए　　　　ख- स्वावलंबन रहित व्यक्ति के लिए

ग- संसार के लिए　　　　घ- पशु के लिए

(3) कथन (A) मानव को अन्य जीवों से श्रेष्ठ माना गया है।
कारण (R) मानव एक बुद्धिशील प्राणी है।

क- कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
ख- कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
ग- कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
घ- कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, कितु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**लघु प्रश्न　　　　2x2=4**

(4) स्वावलंबन न रखने वाले व्यक्ति स्वावलंबन को क्या समझते हैं ?

(5) संसार में कौन और क्यों श्रेष्ठ माना जाता है ?

**प्रश्न 2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निर्देशानुसार उपयुक्त उत्तर लिखिए-**

नागरिक के कर्त्तव्य और अधिकारों की समष्टि को नागरिकता कहा जाता है। नागरिकता ऐसी विशेषता है, जिसके अभाव में मनुष्य न तो समाज का आवश्यक अंग बन पाता है और न राज्य का। इसके बिना मनुष्य का जीवन एक प्रकार से या तो पशुवत् हो जाता है या महान विरागी संयासी के समान, जिसका सांसारिकता से कोई संबंध नहीं होता। अतः नागरिकता हर मनुष्य को नागरिक बनाने के लिए आवश्यक है। सदाचार का अर्थ है-सत् + आचार = सात्विक व्यवहार। किंतु साधारण अर्थ में इसका प्रयोग उन सभी व्यवहारों और कार्यों के लिए होता है जो समाज द्वारा हो और अच्छे सामाजिक क्रियाओं को नियंत्रित करता रहता है। इसकी आवश्यकता होती है. समाज को व्यवस्थित तथा स्पंदित रखने के लिए। झूठ न बोलना, चोरी न करना, किसी को अनावश्यक ढंग से न सताना आदि सदाचार माने जाते हैं। इन सब कार्यों का त्याग इसलिए आवश्यक होता है कि इनसे समाज में अव्यवस्था उत्पन्न होती है तथा समाज का ढाँचा लड़खड़ा जाता है। समाज उन्हीं गुणों का आदर-सम्मान करता

है जो सामाजिक विधियों को दृढ़ बनाने में तथा बहुजन हिताय और बहुजन सुखाय कार्यों में सहायक होते हैं।

**बहुविकल्पी प्रश्न :** **1x3=3**

(1) गद्यांश में 'सांसारिकता से क्या अभिप्राय है ?

(i) सांसारिक जीवन से विरक्ति का भाव (ii) सांसारिक भोग-विलास के साधन

(iii) सांसारिक कर्तव्यों और अधिकारों का निर्वहन (iv) सांसारिक जीवन से माया-मोह

(2) नागरिकता का अर्थ है-

(i) अनाचार को बढ़ावा (ii) कर्तव्य और अधिकारों का समूह
(iii) सामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण (iv) सिर्फ़ अधिकारों की अपेक्षा

(3) निम्नलिखित कथन (A) और कारण (B) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। फिर नीचे दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

**कथन (A)** सदाचार समाज को व्यवस्थित तथा स्पंदित रखने के लिए आवश्यक है

**कारण (R)** सदाचार द्वारा बहुजन हिताय और बहुजन सुखाय कार्यों में सहायता होती हैं।

क- कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।

ख- कथन (A) गलत है। लेकिन कारण (R) सही है

ग- कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है

घ- कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है|

**लघु प्रश्न** **2x2=4**

(4) समाज द्वारा मनुष्य की दैनिक और सामाजिक क्रियाओं को नियंत्रित क्यों किया जाता है ?

(5) सदाचार किसे माना जाता है ?

**खंड 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)**

**प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1x4=4**

(A) पक्षी रातभर खामोश और उदास <u>बैठे रहते हैं</u> | (रेखांकित पद में कौन-सा पदबंध है ?)

(B) अधिक परिश्रम करने वाला छात्र सफलता प्राप्त कर सका |(इस वाक्य में विशेषण पदबंध रेखांकित कीजिए |)

(C) पदबंध में एक मुख्य शीर्ष पद होता है, जिस पर अन्य पद ________होते हैं |

(D) <u>तकदीर की मारी मैं</u> कहाँ आ पहुँची ? (रेखांकित पद में कौन-सा पदबंध है ?)

(E) वह <u>गेंद की तरह लुढ़ककर</u> गिर पड़ा | (रेखांकित पद में कौन-सा पदबंध है ?)

**प्रश्न 4 निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1x4=4**

(A) राजन ने कहा कि, कल हमें दिल्ली जाना है | (वाक्य भेद लिखिए |)

(B) रानी खेलने के बाद घूमने चली गई | (रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए |)

(C) आसमान में बादल छाए और चले गए |( सरल वाक्य में बदलिए |)

(D) सूर्य निकलते ही सब काम पर निकल पड़े |- मिश्रित वाक्य में बदलिए |

(E) घंटा बजा और चोर भाग गया | (रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए |)

**प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1x4=4**

(A) 'बखूबी' का सामासिक विग्रह करते हुए भेद लिखिए |

(B) 'धर्म से भ्रष्ट' का समस्त पद लिखकर भेद लिखिए |

(C) पंचतंत्र और दोपहर में कौन-सा समास है ?

(D) द्वंद्व समास के दो उदाहरण लिखिए |

(E) कालीमिर्च और नरसिंह शब्दों में कौन-सा समास है ?

**प्रश्न 6 निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1x4=4**

(A) कुशल अभिनेत्री मुँह से कम ________अधिक बोलती है | उपयुक्त मुहावरे से वाक्य पूरा करो|

(B) 'बाट-जोहना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(C) 'नष्ट-भ्रष्ट कर देना' के लिए कौन-सा मुहावरा उपयुक्त होगा ?

(D) मेरे भतीजे ने चालाकी से मेरी जायदाद ________ |

(E) 'घुट-घुट कर मरना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य लिखिए |

## खंड 'ग' (साहित्य)

**प्रश्न 7 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- 1x5=5**

राजकपूर ने एक अच्छे और सच्चे मित्र की हैसियत से शैलेंद्र को फिल्म की असफलता के खतरों से आगाह भी किया। पर वह तो एक आदर्शवादी भावुक कवि था, जिसे अपार सम्पति और यश तक की इतनी कामना नहीं थी जितनी आत्म-संतुष्टि के सुख की अभिलाषा थी। 'तीसरी कसम' कितनी ही महान फिल्म क्यों न रही हो, लेकिन यह एक दुखद सत्य है कि इसे प्रदर्शित करने के लिए बमुश्किल वितरक मिले। बावजूद इसके कि 'तीसरी कसम' में राजकपूर और वहीदा रहमान जैसे नामज़द सितारे थे, शंकर-जयकिशन का संगीत था, जिनकी लोकप्रियता उन दिनों सातवें आसमान पर थी और इसके गीत भी फ़िल्म के प्रदर्शन के पूर्व ही बेहद लोकप्रिय हो चुके थे, लेकिन इस फिल्म को खरीदने वाला कोई नहीं था। दरअसल इस फिल्म की संवेदना किसी दो से चार बनाने का गणित जानने वाले की समझ से परे थी। उसमें रची-बसी करुणा तराज़ू पर तौली जा सकने वाली चीज़ नहीं थी। इसीलिए बमुश्किल जब 'तीसरी कसम' रिलीज़ हुई तो इसका कोई प्रचार नहीं हुआ। फ़िल्म कब आई, कब चली गई, मालूम ही नहीं पड़ा।

(i) गद्यांश के लेखक कौन थे ?

(a) यशपाल (b) हीराचंद अंजाना (c) प्रहलाद अग्रवाल (d) प्रेमचंद

(ii) तीसरी कसम फिल्म किस कवि की है ?

(a) कैफ़ी आजमी (b) शैलेन्द्र (c) शैलन्द्र (d) निदा फ़ाज़ली

(iii) तीसरी कसम का दुखद सत्य क्या था ?

(a) चली नहीं (b) निर्देशक की मृत्यु (c) नायक का साथ न मिलना
(d) वितरक नहीं मिलें

(iv) तीसरी फिल्म के संगीतकार कौन हैं ?

(a) शंकर-जयकिशन (b) मदन मोहन (c) लक्ष्मी कांत प्यारे लाल (d) प्यारे लाल

(v) फिल्म क्यों नहीं चली ?

(a) संवेदनशील थी (b) गाने अच्छे नहीं थे (c)परदे तक नहीं पहुँची (d) लोगों को पसंद नहीं आई

**प्रश्न 8 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25--30 शब्दों में लिखिए : 2x3=6**

(a) सुभाष बाबू ने कलकत्ता के लोगों को क्या समझाया ?
(b) वामीरो के चरित्र का वर्णन करिए |
(c) छोटे भाई के मन में बड़े भाई के प्रति श्रदधा क्यों उत्पन्न हुई ?
(d) फिल्म में त्रासद स्थितियों को ग्लोरीफाई क्यों किया जाता है ?

**प्रश्न 9 निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- 1x5=5**

क्षुधार्त रंतिदेव ने दिया करस्थ थाल भी,
तथा दधीचि ने दिया परार्थ अस्थिजाल भी।
उशीनर क्षितीश ने स्वमांस दान भी किया,
सहर्ष वीर कर्ण ने शरीर-चर्म भी दिया।
अनित्य देह के लिए अनादि जीव क्या डरे?
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(*i*) रंतिदेव कैसे थे ?

(*a*) प्यासे (b) भूख से व्याकुल (c) दानवीर (d) भक्त

(ii) कवि किसे मनुष्य मानता है ?

(a) जो परोपकारी हो (b) जो वीर और साहसी हो (c) जो दूसरों के लिए जीवन ले ले (d) जो प्रसिद्ध हो

(iii) इस कविता के कवि कौन है ?

(a) राष्ट्रकवि (b) निर्मल जोशी (c) मैथिलीशरण गुप्त (d) मैथिली वर्मा

(iv) हमारी देह कैसी है ?

(a) सत्य (b) नश्वर (c) अनित्य (d) b और c दोनों

(v) उशीनर क्षितीश ने किस वस्तु का दान किया था ?

(a) हड्डीयों का (b) कवच और कुंडल का (c) अपने माँस का (d) भोजन का

**प्रश्न 10 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25--30 शब्दों में लिखिए : 2x3=6**

(a) 'ऐकै आषिर पीव का पढ़े सु पंडित होई |' - इस पंक्ति द्वारा कवि कबीर कहना चाहता है ?

(b) श्रीकृष्ण को पाने के लिए मीरा क्या-क्या करना चाहती है ?

(c) मीराबाई या कबीर की भाषा या भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए |

(d) उदार व्यक्ति के लक्षण और विशेषताएँ बताइए |

**प्रश्न 11 संचयन पुस्तक के निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए : 3x2=6**

(a) हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे ?

(b) हरिहर काका के गाँव में यदि मीडिया की पहुँच होती तो उनकी क्या स्थिति होती? अपने शब्दों में लिखिए ।

(c) ठाकुरबाड़ी का महंत कैसे व्यक्ति था ? हमारे समाज में महंत जैसे लोगों के बारे में टिप्पणी करिए |

**खंड 'घ' (लेखन)**

**प्रश्न 12 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं की सहायता से लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 5**

(i) समाचार पत्रों का कोई विकल्प नहीं

संकेत बिंदु:- देश-विदेश की जानकारी, सस्ता और सुलभ साधन, प्रकार, लाभ

(iii) मतदान का अधिकार

संकेत बिंदु:- प्रजातंत्र में मतदान, युवा मतदाता, संविधान में व्यवस्था, मताधिकार का प्रयोग

(iv) परहित सरिस धर्म नहीं भाई (परोपकार)

संकेत बिंदु:- अर्थ, जीवन की सार्थकता, आनन्द की अनुभूति, उदाहरण

**प्रश्न 13** आप 'सनातन' वृद्धाश्रम में वृद्धों की मदद करना चाहते हैं। आप उन्हें खाद्य वस्तुएँ कपड़े और अन्य आवश्यक वस्तुएँ देना चाहते हैं। इस कार्य में आप अन्य छात्रों से स्वैच्छिक सहयोग चाहते हैं। इस संबंध में सूचना आलेख तैयार कीजिए। आप विकासोन्मुख पब्लिक स्कूल के कौशल/कल्पना हैं। 4

**अथवा**

क्षेत्र में बढ़ रहे अपराधों की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए क्षेत्र के लोगों को सावधान करते हुए 60-70 शब्दों में सूचना तैयार करिए |

**प्रश्न 14** आप 231/3, बाबा कॉलोनी, संतनगर, दिल्ली निवासी शैलेंद्र हो| पानी का नया कनेक्शन लेने के लिए दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य राजस्व अधिकारी को प्रार्थना पत्र लिखिए।

अथवा 5

दूरदर्शन के कार्यक्रमों की गुणवत्ता में आती गिरावट की ओर ध्यानाकर्षित कराते हुए दूरदर्शन के महानिदेशक को पत्र लिखिए |

**प्रश्न 15** वर्लफूल की वाशिंग मशीन की बिक्री हेतु 25-50 शब्दों में आकर्षक व रंगीन विज्ञापन तैयार करिए | 3

अथवा

आपके पिताजी अपनी पुरानी कार बेचना चाहते हैं। इसके लिए पूरा विवरण देते हुए एक विज्ञापन का आलेख लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।

**प्रश्न 16** दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 100-120 शब्दों में लघु कथा लिखिए | 5

(बारिश का भाव, एक भेड़िया, चरागाह में भेड़ों का झुंड, सारा पानी भी पी जाना, भेड़ें वहाँ से भाग गई |)

**अथवा**

'विक्रम और बेताल'- विषय पर 100-120 शब्दों में लघु कथा लिखिए |